# प्रेस नोट

## थाना असोथर जनपद फतेहपुर

### थाना असोथर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 035/2023 धारा 379/411 भादवि0 में प्रकाश में आये अपराधियों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय फतेहपुर द्वारा वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय फतेहपुर के निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी थरियांव महोदय के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 28.02.2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना असोथर की सूझ बूझ से उपनिरीक्षक श्री आनंद कुमार सिंह मय हमराहियान द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अपराधियों **1. कमलेश कुमार पुत्र कालीचरण निवासी मोहल्ला मलाका पोस्ट ढकौली थाना राधानगर जनपद फतेहपुर उम्र 35 वर्ष, 2. अनिल कोरी पुत्र राम सजीवन निवासी वर्तमान पता सुन्दरमती इण्टर कालेज के पास थाना राधानगर जनपद फतेहपुर स्थायी पता ग्राम डूढ़रा पहाड़पुर थाना गाजीपुर फतेहपुर उम्र 23 वर्ष, 3. रामबाबू लोधी पुत्र रामधनी निवासी ग्राम झाऊपुर थाना राधानगर जनपद फतेहपुर उम्र 40 वर्ष** को प्रकाश को थरियांव मोड़ तिराहे से थरियांव रोड़ की तरफ 30 से 35 कदम की दूरी पर घेर-घार **दिनांक 28.02.2023 को रात्रि 10.30 बजे** पकड़ लिया गया। जिनके कब्जे से उक्त मुकदमेसे सम्बन्धित चोरी का माल वरामद किया गया। पकड़े हुये व्यक्ति से नामपता तस्दीक करते हुये अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तारी का कारण बताकर गिरफ्तार करके थाना हाजा लाकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुये दाखिल किया गया। तत्पश्चात अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय फतेहपुर के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

**अभियुक्तगण उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –**

1. मु0अ0सं0 – 035/23 धारा 379/411 भादवि0 थाना असोथर, फतेहपुर।

**वरामद माल का विवरण**

1. एक अदद काले रंग का HP कम्पनी का लैपटाप
2. एक अदद नीले रंग का वीवो कम्पनी का मोबाइल
3. एक अदद काले रंग का निकान कम्पनी का फोटो कैमरा मय चार्जर मय फ्लैश लाइट
4. एक अदद काले रंग का सोनी कम्पनी का वीडियो कैमरा (हैण्डी कैम)

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शेरसिंह राजपूत
2. उपनिरीक्षक श्री आनंद कुमार सिंह
3. आरक्षी कुलदीप सिंह
4. आरक्षी दीपक सिंह
5. आरक्षी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह